# हिन्दी प्रादेशिक समाचार

## आकाशवाणी चंडीगढ

(तिथि 08 जनवरी 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सोमनाथ स्वाभिमान पर्व की शुरुआत के अवसर पर देशवासियों को बधाई दी । नागरिकों से उत्सव में शामिल होने का आग्रह किया ।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों और सतत मूल्यांकन के लिए " नीव पोर्टल " का शुभारंभ किया ,मुख्यमंत्री ने कहा -राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच का परिणाम है।
- आज ज्ञान सेतु पहल के अंतर्गत स्वर्ण जयंती हरियाणा वित्तीय प्रबंधन संस्थान और 28 शिक्षण संस्थानो के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए ।
- विकसित भारत युवा नेता संवाद 2026 कल नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होगा - केन्द्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा , ये कार्यक्रम युवाओं को नेतृत्व करने, चुनौतियों का सामना करने और देश के भविष्य के निर्माण में योगदान देने के लिए सशक्त बनाएगा ।
- हरियाणा सरकार ने शीर्ष प्रशासनिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए हरियाणा सिविल सेवा की कार्यकारी शाखा एवं संबद्ध सेवाओं की परीक्षा के पाठ्यक्रम में संशोधन किया।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सोमनाथ स्वाभिमान पर्व की शुरुआत के अवसर पर देशवासियों को बधाई दी है। श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि स्वाभिमान पर्व भारत माता की उन अनगिनत संतानों को याद करने का अवसर है, जिन्होंने कभी अपने सिद्धांतों और मूल्यों से समझौता नहीं किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि जनवरी एक हजार छब्बीस में सोमनाथ पर पहला हमला हुआ था। श्री मोदी ने कहा कि बार-बार आक्रमणों के बावजूद, भक्तों की अटूट आस्था और भारत के सभ्यतागत संकल्प ने सोमनाथ का बार-बार पुनर्निर्माण सुनिश्चित किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोमनाथ की अपनी पिछली यात्राओं की झलकियाँ साझा कीं।

उन्होंने नागरिकों से हैशटैग Somnath Swabhiman Parv के साथ अपनी यादें साझा करते हुए उत्सव में शामिल होने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री 11 जनवरी को 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' में शामिल होंगे।

****************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज पंचकूला में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों और सतत मूल्यांकन के लिए 'नेशनल एजुकेशन इवैल्यूएशन एंड वेलिडेशन -नीव पोर्टल'का शुभारंभ किया। साथ ही, मुख्यमंत्री की उपस्थिति में 'ज्ञान सेतु' पहल के अंतर्गत स्वर्ण जयंती हरियाणा वित्तीय प्रबंधन संस्थान और 28 शिक्षण संस्थाओं के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन हरियाणा के शैक्षणिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगा, क्योंकि आज शिक्षा परिदृश्य को एक नई दिशा मिली है, जो प्रदेश के भविष्य को सशक्त आधार प्रदान करेगी। आज हस्ताक्षर हुआ समझौता दूरदर्शी सोच पर आधारित है, ताकि हरियाणा अपनी जड़ों से जुड़ते हुए मजबूती के साथ आगे बढ़ सके।

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 24 दिसंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा विज़न दस्तावेज –2047 का शुभारंभ किया गया था। यह संकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के विजन के अनुरूप है।
नीव पोर्टल को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा –

मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच का परिणाम है, जिसका उद्देश्य ऐसी शिक्षा व्यवस्था विकसित करना है जो केवल काग़ज़ी डिग्रियों तक सीमित न रहे। उन्होंने कहा कि आज हुए समझौते और नीव पोर्टल का लाभ आने वाले समय में प्रदेश की जनता, विशेषकर युवाओं और विद्यार्थियों को मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में पहली बार शोध के लिए 20 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जो एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक कदम है।

***************************************************************************

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं। हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं।
यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।

****************************************************************************

विकसित भारत युवा नेता संवाद-2026 कार्यक्रम कल नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होगा। हरियाणा से भी युवा प्रतिनिधिमंडल इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए गया है।
केन्द्रीय खेल और युवा मामलों के मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं को आगे बढ़कर नेतृत्व करने, चुनौतियों का सामना करने और देश के भविष्य के निर्माण की रूपरेखा में योगदान देने के लिए सशक्त बनाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में देश भर के युवा नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ विकसित भारत के दृष्टिकोण पर विचार साझा करेंगे।

श्री मांडविया ने कहा कि भारत, दुनियाभर में सबसे अधिक युवाओं वाला देश है। उन्होंने कहा कि देश का भविष्य केवल नीतियों या संस्थानों से ही नहीं, बल्कि युवा नागरिकों की कल्पना, दृढ़ विश्वास और साहस से आकार लेगा।
5- मनसुख मांडव्य -27 सेकंड

*****************************************************************************

हरियाणा सरकार ने प्रदेश के शीर्ष प्रशासनिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया को अधिक सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनाने के लिए  हरियाणा सिविल सेवा की कार्यकारी शाखा एवं संबद्ध सेवाओं की परीक्षा के पाठ्यक्रम में व्यापक संशोधन किया है।मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा इस संबंध में जारी अधिससोहन के अनुसार अब  प्रारंभिक परीक्षा में कुल 400 अंकों के दो वस्तुनिष्ठ प्रश्न पत्र होंगे। पहला प्रश्नपत्र सामान्य ज्ञान से संबंधित होगा जिसमें  सामान्य विज्ञान,

राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय समसामयिक घटनाएं, भारतीय इतिहास एवं स्वतंत्रता आंदोलन, भारतीय एवं विश्व भूगोल, भारतीय राजनीति, अर्थव्यवस्था, संस्कृति तथा तार्किक क्षमता से संबंधित विषय शामिल होंगे। इसमें हरियाणा की अर्थव्यवस्था, समाज, संस्कृति और भाषा से जुड़े पहलू भी रहेंगे।दूसरा प्रश्नपत्र सिविल सेवा अभिरुचि परीक्षा का होगा, जिस में अभ्यर्थियों की समझ, तार्किक विवेचना, निर्णय क्षमता, समस्या समाधान, सामान्य मानसिक क्षमता, कक्षा 10 के स्तर की संख्यात्मक योग्यता तथा आंकड़ों की व्याख्या का परीक्षण किया जाएगा। मुख्य लिखित परीक्षा में कुल छह वर्णनात्मक प्रश्नपत्र होंगे, प्रत्येक प्रश्नपत्र तीन घंटे और 100 अंक का होगा, जिससे कुल अंक 600 हो जाएंगे।

****************************************************************************

पूर्व सांसद बिजेंद्र सिंह के नेतृत्व में निकाली जा रही कांग्रेस पार्टी की सद्भावना यात्रा आज पलवल जिले के गांव बडौली पहुंची। पूर्व सांसद बिजेंद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की सद्भावना यात्रा हरियाणा प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में जाएगी।

उन्होंने कहा कि सद्भावना यात्रा को पूरा सहयोग मिल रहा है।

****************************************************************************

नवगठित हांसी जिले के पहले उपायुक्त डॉ. राहुल नरवाल ने आज अपना कार्यभार संभाल लिया। डॉ. राहुल नरवाल ने कहा, जिले के समग्र विकास को लेकर कई प्राथमिकताएं तय की गई हैं, जिन्हें सभी विभागों के अधिकारियों के साथ बेहतर समन्वय और योजनाबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा।

****************************************************************************